UPMB010022962022

<u>न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफ0टी0सी0) महोबा।</u>
विशेष वाद संख्या–528/2022
सरकार बनाम कल्लू प्रजापति आदि,
मु0अ0सं0–154/2022
धारा–366,376डी भा0 दं0 सं0
थाना कबरई, जिला महोबा।
<u>दिनांक–24.07.2025</u>

पत्रावली पेश हुई। पुकार पर अभियुक्तगण कल्लू प्रजापति व बृजेन्द्र यादव की हाजिरी माफी द्वारा अधिवक्ता पेश हुई जो आज के लिये स्वीकार की गयी। अभियुक्त जीतू प्रजापति अनुपस्थित है। पत्रावली का अवलोकन किया।

पत्रावली के अवलोकन से विदित होता है कि न्यायालय द्वारा अभियुक्त जीतू प्रजापति पुत्र दुर्गा प्रजापति निवासी कीरतपुरा थाना चरखारी जिला महोबा के संबंध में मृत्यु से संबंधित आख्या थाने से आहूत की गयी थी। संबंधित थाने द्वारा अभियुक्त जीतू प्रजापति पुत्र दुर्गा प्रजापति निवासी कीरतपुरा थाना चरखारी जिला महोबा की मृत्यु सम्बन्ध में गिरफ्तारी का अधिपत्र पर थाना चरखारी की रिपोर्ट कागज संख्या 15ख/ 1 लगायत 15ख/ 4 न्यायालय द्वारा जारी एन0बी0डब्लू, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी मृत्यु प्रमाण पत्र, ग्राम प्रधान कीरतपुरा द्वारा जारी मृत्यु प्रमाण पत्र व सामान्य दैनिकी विवरण आदि थाना चरखारी द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत किये गये है। साथ ही उक्त कागज प्रस्तुत करने वाले गवाह उपनिरीक्षक सी0 डब्लू–1 अनूप कुमार पाण्डे का बयान अंकित कराया गया है जो पत्रावली में कागज संख्या 16क/ 1 लगायत 16क/ 2 दाखिल है। जिसके अवलोकन से प्रतीत होता है कि अभियुक्त जीतू प्रजापति पुत्र दुर्गा प्रजापति निवासी कीरतपुरा थाना चरखारी जिला महोबा की मृत्यु दिनांक 05.11.2024 को हो चुकी है।

चूँकि उक्त प्रपत्रों से स्पष्ट होता है कि अभियुक्त जीतू प्रजापति पुत्र दुर्गा प्रजापति निवासी कीरतपुरा थाना चरखारी जिला महोबा की मृत्यु हो चुकी है। इन परिस्थितियों में अभियुक्त अभियुक्त जीतू प्रजापति पुत्र दुर्गा प्रजापति निवासी कीरतपुरा थाना चरखारी जिला महोबा के विरूद्ध वाद की कार्यवाही उपशमित (अवेट) किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है।

<u>आदेश</u>

अभियुक्त जीतू प्रजापति पुत्र दुर्गा प्रजापति निवासी कीरतपुरा थाना चरखारी जिला महोबा के विरूद्ध प्रस्तुत वाद की कार्यवाही उपशमित (अवेट) की जाती है। शेष अभियुक्तगण के लिये पत्रावली साक्ष्य हेतु दिनांक 29.08.2025 को पेश हो।

<u>दिनांक–24.07.2025</u>

(सर्वोत्तमा नागेश शर्मा)
अपर सत्र न्यायाधीश (एफ0टी0सी0),
महोबा। U.P.-1866

Digitally signed by Sarvottama Nagesh Sharma
Date: 2025.07.24 15:58:59 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court